हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026

04 शताब्दी वर्ष पर संघ की सेवा-यात्रा का मंथन 'पंच...



07 मुनिश्री 108 सुधा सागर महाराज को मिला...






## खबर संक्षेप

### कॉलेज का वार्षिकोत्व 27 को, प्रभारी मंत्री आएंगे



**विदिशा।** मुखर्जी नगर स्थित सांई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड मैरामेडिकल साइंस कॉलेज में 27 फरवरी शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल और विधायक मुकेश टंडन अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा।

### कृषि मंडी का मामला शून्यकाल में उठाया



**विदिशा।** विधायक मुकेश टंडन ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान मिर्जापुर स्थित नवीन कृषि उपज मंडी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि मंडी में प्रतिवर्ष लगभग 26 लाख क्विंटल गेहूं एवं 16 लाख क्विंटल धान की आवक होती है, जिससे स्थान की गंभीर कमी बनी रहती है। बढ़ती आवक को देखते हुए 50 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, जिसका प्रस्ताव 1 जुलाई 2019 से लंबित है। उन्होंने कहा कि मंडी में व्यापारियों के लिए भूखंडों की दर कलेक्टर गाइड लाइन के आधार पर तय की गई है, जो आसपास की मंडियों की तुलना में अधिक है। 246 में से केवल 16 भूखंड ही विक्रय हो सके हैं।

### खाटू श्याम मंदिर में दो दिन फाग मेले की धूम

**विदिशा।** फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर वैशाली बिहार कॉलानी स्थित खाटू श्याम मंदिर में 27 व 28 फरवरी को फाग मेला आयोजित होगा। कोलकाता से मंगाए पुष्पों से श्याम प्रभु का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। तथा भक्त सवामनी प्रसादी अर्पित करेंगे। शाम 7:30 बजे से देर रात्रि तक भजन संध्या में सोनू सांवरिया पानीपत व अनिल शर्मा बाबरा राजस्थान प्रस्तुति देंगे। एकादशी पर निशान यात्राएं पहुंचेंगी। श्रद्धालुओं हेतु मिनी अस्पताल, प्राथमिक उपचार, शीतल जल व फव्वारों की व्यवस्था रहेगी। दर्शन के लिए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे।


### होलिका में गौ-काष्ठ के उपयोग की अपील

**विदिशा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरणमित्र नीरज चौरसिया द्वारा होलिका दहन के लिउ गौ-काष्ठ उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि पारंपरिक लकड़ी के स्थान पर गोबर से निर्मित गौ-काष्ठ का उपयोग करें। उनका कहना है कि यह पहल गौ-माता के संवर्धन एवं संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौ-काष्ठ के उपयोग से पेड़ों और वनों की कटाई में कमी आती है तथा कार्बन उत्सर्जन भी घटता है।

### डिजिटल माध्यम से जनगणना की शुरुआत

**विदिशा।** जिले में आगामी जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए 26 व 27 फरवरी को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्री सेवाराम रायकवार ने बताया कि इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल एप के माध्यम से होगी।

### कलादेवी धनवानी का निधन, अंतिम यात्रा आज



**विदिशा।** स्व. झम्मूमल धनवानी की धर्मपत्नि एवं आसन दास, पुरुषोत्तम दास, वासुदेव, दिलीप कुमार, भगवान दास धनवानी की माता जी कला देवी धनवानी का आकस्मिक देहावसान हो गया। अंतिम यात्रा आज दोपहर 3 बजे शीतला माता वाली गली बांसकुली से विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी।

# 2 मार्च को होलिका दहन, भद्रा पुच्छकाल में रात्रि 1 से 2 बजे के बीच श्रेष्ठ मुहूर्त

**3 मार्च को चंद्रग्रहण, 4 मार्च को धुलैंडी और 5 मार्च को भाई दूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर होने वाला होलिका दहन इस वर्ष 2 मार्च सोमवार को किया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार पूर्णिमा तिथि 2 मार्च को शाम 5:57 बजे प्रारंभ होकर 3 मार्च मंगलवार को शाम 5:08 बजे तक रहेगी। चूंकि प्रदोष काल में 2 मार्च को पूर्णिमा विद्यमान रहेगी, इसलिए शास्त्र सम्मत होलिका दहन इसी दिन किया जाना उचित माना गया है।



### भद्रा में दहन को लेकर असमंजस

इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। भद्रा 2 मार्च को शाम 5:57 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च प्रातः 5:29 बजे तक रहेगी। धर्मशास्त्रों में भद्रा काल में होलिका दहन एवं रक्षाबंधन वर्जित बताया गया है, जिससे विद्वानों में मुहूर्त को लेकर मतभेद की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि धर्म सिंधु और निर्णय सिंधु ग्रंथों के अनुसार यदि पूर्णिमा पर भद्रा हो तो भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत है। 2 मार्च की रात्रि में भद्रा का पुच्छकाल 1 से 2 बजे के बीच रहेगा। अतः इसी समय होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहेगा।

### प्रदोष काल व ब्रह्म मुहूर्त पर भी मत

कुछ ज्योतिषाचार्यों का मत है कि होलिका दहन प्रदोष काल (सूर्यास्त 6:18 बजे के बाद) में किया जाना चाहिए। वहीं अन्य विद्वान ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 5:33 से 6:35 बजे के बीच दहन को उचित मानते हैं। हालांकि 3 मार्च को प्रदोष काल में पूर्णिमा समाप्त हो जाने के कारण उस दिन दहन संभव नहीं है।

### 3 मार्च को चंद्रग्रहण सूतक सुबह से

3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण रहेगा। ग्रहण दोपहर 3:20 बजे प्रारंभ होकर शाम 6:46 बजे समाप्त होगा। चंद्र उदय शाम 6:32 बजे होगा, जिससे दृश्य ग्रहण काल लगभग 18 मिनट का रहेगा। सूतक प्रातः 6:20 बजे से प्रभावी रहेगा, जिसके बाद मंदिरों के पट बंद रहेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार धुलैंडी 4 मार्च बुधवार को और भाई दूज 5 मार्च गुरुवार को मनाई जाएगी।

## ट्रेड डील की आशंका से नीलामी में भाग लेने वाले व्यापारी सतर्क हो गए

# सोयाबीन 600 रु. तक टूटा, गेहूं के भाव भी 100 से 200 रुपए हुए कम

**आयात सस्ता होने की आशंका से स्थानीय उत्पादों पर दबाव बना रह सकता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले की कृषि उपज मंडियों में पिछले एक पखवाड़े में सोयाबीन के दाम 500 से 600 रुपए प्रति क्विंटल तक गिर गए हैं, जबकि गेहूं के भाव में भी 100 से 200 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी दर्ज की गई है।

सोयाबीन के भाव में बड़ी गिरावट आई है। पहले यह 5500 से 5800 रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रहा था, लेकिन अब घटकर 5200 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया है। राज्य सरकार की भावांतर योजना के तहत जिले के 75% से अधिक किसानों ने अपनी उपज बेची थी, हालांकि कुछ किसानों ने बेहतर दाम की उम्मीद में सोयाबीन रोक रखा था। व्यापारियों के अनुसार भारत-अमेरिका ट्रेड डील की खबरों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीओसी के भाव में गिरावट आई।

इससे सोयाबीन तेल फैक्ट्रियों की मांग कमजोर पड़ गई, जिसके परिणामस्वरूप सोयाबीन के दाम 5800 रुपए से गिरकर 5200 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। गेहूं के भाव में भी मंदी का रुख बना हुआ है। लगभग पंद्रह दिन पहले तक मिल क्वालिटी गेहूं 2600 से 2700 रुपए और अच्छी क्वालिटी का गेहूं 2900 से 3000 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था।

अब इनके भाव घटकर 2500 से 2700 रुपए और 2400-2500 रुपए प्रति क्विंटल रह गए हैं। अगले सप्ताह से नए गेहूं की आवक शुरू होने वाली है, जिससे फिलहाल बाजार में तेजी की संभावना कम है। अनाज व्यापारियों का कहना है कि ट्रेड डील की आशंका से व्यापारी सतर्क हो गए हैं। आयात-निर्यात में संभावित रियायतों की चर्चा से सस्ते आयात का डर बना है, जिससे स्थानीय बाजार प्रभावित हुआ है। हालांकि व्यापारियों का यह भी कहना है कि ट्रेड डील का सीधा असर नहीं, बल्कि बाजार की सामान्य उठापटक भी कारण हो सकती है।



**विदिशा।** कृषि मंडी में गेहूं-सोयाबीन की नीलामी हो रही है, अगले महीने से मंडी में नए गेहूं की आवक शुरू हो जाएगी।

### किसानों की चिंता बढ़ी

किसानों ने बताया कि चने का भाव फिलहाल 5100—5200 रुपए चल रहा है, लेकिन बाजार में मजबूती नहीं है। वहीं गेहूं लेकर आए किसानों का कहना है कि अभी दाम उम्मीद से कम हैं। कृषि कारोबारियों का मानना है कि यदि समझौता आगे बढ़ता है तो निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है और आयात सस्ता होने की आशंका से स्थानीय उत्पादों पर दबाव बना रह सकता है। ऐसे में नए गेहूं की आवक के साथ बाजार और दबाव में आ सकता है। फिलहाल मंडियों में सुस्ती का माहौल है। किसान ऊंचे दाम की आस में बाजार की दिशा पर नजर बनाए हुए हैं।

### ट्रेड डील की चर्चा के बाद 500 रु गिरे दाम

अनाज व्यापारियों ने बताया कि ट्रेड डील की चर्चा शुरू होते ही बाजार में 500 रुपए प्रति क्विंटल तक की गिरावट दर्ज की गई। पहले बाजार का माहौल अच्छा था और किसानों को बेहतर दाम मिल रहे थे, लेकिन समझौते की आहट से बाजार कमजोर पड़ गया।

# रंगई हनुमान मंदिर में चोरी के आरोपी अब तक पुलिस पहुंच से दूर

**हिंदू समाज ने एएसपी प्रशांत चौबे को सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रंगई स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना का 3 माह बाद भी खुलासा नहीं होने से श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ गई है। हिंदू समाज और पुजारी महासभा के प्रतिनिधियों ने एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधियों ने बताया कि दादाजी श्री हनुमान मंदिर जिले की आस्था का प्रमुख केंद्र है और जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को मंदिर में बहुत अधिक भीड़ रहती है। ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर हुई चोरी की घटना से श्रद्धालुओं और लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

### सीसीटीवी फुटेज के बावजूद गिरफ्तारी नहीं

पुजारी महासभा के अध्यक्ष संजय पुरोहित ने बताया कि मंदिर में करीब दो से तीन महीने पहले चोरी की वारदात हुई थी और इसका सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। इसके बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। सुजीत देवलिया ने कहा कि बड़े प्रतिष्ठानों में चोरी होने पर पुलिस शीघ्र कार्रवाई करती है, लेकिन मंदिरों में हुई घटनाओं का खुलासा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है।

# रैली निकालकर 46 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा

**पीएम, श्रम मंत्री एवं सीएम के नाम ज्ञापन देकर श्रम कानूनों के क्रियान्वयन की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय मजदूर संघ के सभी श्रम संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत विदिशा में विराट रैली, धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के उपरांत प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अजय पाठक को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं श्रम मंत्री को 8 सूत्रीय तथा मुख्यमंत्री को 46 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया गया है। मांगों में सभी सेक्टरों के श्रमिकों के लिए बिना किसी छूट के श्रम कानून लागू करने, श्रमिक हितों से जुड़े प्रावधानों में सुधार, त्रिपक्षीय तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस शीघ्र बुलाने की मांग शामिल है। इसके अलावा ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 7500 प्रतिमाह महंगाई राहत सहित करने, स्कीम वर्कर एवं ठेका श्रमिकों को स्थायी करने तथा गारंटीड रोजगार सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में आउटसोर्स, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, आशा, आंगनवाड़ी, पंचायत सचिव, मंडी हम्माल, मिड-डे मील रसोइयों सहित विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों से संबंधित मांगें शामिल रहीं। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में मजदूर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




### आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष बने नवीन शर्मा



**विदिशा।** आगामी नगर निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में नई टीम घोषित की गई। विदिशा जिले की कमान पुनः नवीन शर्मा को सौंपी गई है, जो पूर्व में भी दो बार जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। जिले से छह पदाधिकारियों को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिली है। साथ ही यूथ, महिला, किसान, लीगल सहित दस प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष घोषित किए गए। कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर नए नेतृत्व को बधाई दी।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने कृषि विभाग ने 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि प्रधान भारत में किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की आय वृद्धि और कृषि को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। विदिशा जिला में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अनेक कृषि हितैषी कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं, जिनका लाभ हजारों किसानों को मिलेगा।

### कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर जोर

कृषि विभाग ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए 5000 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया है। मसाला क्षेत्र विस्तार के तहत 30,479 हेक्टेयर में उत्पादन बढ़ाने की योजना है। तिलहन व दलहन फसलों के विस्तार और धान क्षेत्र विविधीकरण योजना के अंतर्गत 7000 हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिससे जल संरक्षण के साथ किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सकेगा। खेत तालाब निर्माण, मध्यम व लघु सिंचाई योजनाओं तथा बलराम तालाब योजना के माध्यम से अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित की जा रही है। माइक्रो इरीगेशन के तहत ड्रिप व स्प्रिंकलर प्रणाली को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### उद्यानिकी व पशुपालन से आय में होगी वृद्धि

उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी एवं फल क्षेत्र विस्तार, पॉलीहाउस निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं पशुपालन विभाग 10+1 बकरी इकाई, मुर्गी पालन और भेड़ विकास योजनाओं से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आधुनिक कृषि यंत्र, उन्नत बीज और तकनीकी प्रशिक्षण से उत्पादन लागत घटेगी और आय में वृद्धि होगी। कृषक कल्याण वर्ष 2026 किसानों की समृद्धि की दिशा में एक मजबूत और सकारात्मक पहल साबित हो रहा है।

**23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल**

# आरजीपीव्ही कॉलेज की टीम एसएटीआई को दूसरे सेमीफाइनल में 25 रनों से हराकर फाइनल में पहुंची



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई में आयोजित 23वीं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के आठवें दिन एसएसटीआई और आरजीपीव्ही कॉलेज के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच हुआ।

आरजीपीव्ही ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरजीपीव्ही ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओर्वस में 8 विकेट खोकर 153 रन बनाए। बल्लेबाज आदित्य ने 7 चौके की मदद से 30 गेंदों पर 45 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं उनका साथ देते हुए हिमांष मेवाड़ा ने 20 गेंदों पर 34 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। एसएटीआई के गेंदबाज अमित पटेल ने 4 ओवर्स में 21 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। सौरभ सिंह ने 4 ओवर्स में 28 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। जवाब में खेलते हुए एसएटीआई ने 20 ओवर में 128 ही बनाए।

आदित्य सिंह ने 40 गेंदों में 40 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 2 चौके और 1 छक्का लगाया। उनका साथ देते हुए अभिषेक मिश्रा ने 19 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाए बाकि एसएटीआई का कोई भी बल्लेबाज आरजीपीव्ही के गेंदबाजों का सामाना नहीं कर सका। आरजीपीव्ही के गेंदबाज हिमांश मेवाड़ा ने 4 ओर्वस में 16 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। उनका साथ देते हुए तरंग ने 4 ओवर्स में 24 रन देकर 3 विकेट हासिल किए और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरजीपीव्ही के हिमांश मेवाड़ा को दिया गया। फाइनल मैच में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाह खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करेंगे। संस्था के प्राध्यापक खेल प्रभारी डॉ. आंनद चन्द्रवंशी ने बताया कि आज आरजीपीव्ही भोपाल तथा एलएनसीटी भोपाल के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिलाष खांडेकर, डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे तथा डॉ. वायके जैन मौजूद रहेंगे।

# 10 मार्च से 30 मई तक मंडल से बूथ स्तर तक होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम



**विदिशा।** भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा भोपाल संभाग के प्रभारी एवं खाचरोद विधायक डॉ. तेज बहादुर ने जिज्ञासा समाधान करते हुए पंच परिवर्तन तथा नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर विचार रखे। जिला संगठन प्रभारी सीताराम यादव ने संघ शताब्दी कार्यक्रम की जानकारी दी। अभियान के जिला संयोजक बलवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि 10 मार्च से 30 मई तक मंडल, जिला एवं बूथ स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित होंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी सहित विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, हरि सिंह सप्रे, हरि सिंह रघुवंशी, मुकेश टंडन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शताब्दी वर्ष पर उत्कर्ष भवन में आयोजित हुई प्रबुद्धजन की गोष्ठी

# शताब्दी वर्ष पर संघ की सेवा-यात्रा का मंथन 'पंच परिवर्तन' से समाज में बदलाव का आह्वान

संघ के शताब्दी वर्ष को केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के लिए नए संकल्प का अवसर मानते हुए उत्कर्ष भवन में प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में संघ की 100 वर्षों की सेवा-यात्रा और पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को संगठित करने की दिशा पर चर्चा हुई। प्रबुद्धजन गोष्ठी नगर के प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय बहलोट रोड बायपास स्थित संघ के उत्कर्ष भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी में अतिथि वक्ता संघ के अनिल डागा ने बताया कि राष्ट्र निर्माण की यात्रा केवल सत्ता या व्यवस्थाओं से नहीं, समाज की चेतना से आगे बढ़ती है। इसी चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर उत्कर्ष भवन में प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सेवा, संगठन और संस्कार की 100 वर्षों की यात्रा पर विचार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संघ के मध्य क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख अनिल डागा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में अनिल डागा ने संघ की 100 वर्षों की सेवा-यात्रा को सामाजिक परिवर्तन की सतत प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि संघ ने अपने आरंभिक काल से ही समाज को संगठित करने, राष्ट्रभाव को जागृत करने और सेवा को साधना के रूप में अपनाने का कार्य किया है। प्राकृतिक आपदाओं, महामारी, सामाजिक संकटों और ग्रामीण अंचलों के विकास में संघ के स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और संस्कार निर्माण जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर, आपदा के समय राहत कार्य, जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना संघ की दीर्घकालीन सेवा यात्रा का हिस्सा रहा है। मुख्य वक्ता ने ह्यपंच परिवर्तनह्न को शताब्दी वर्ष का नया संकल्प बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से समाज में जीवन शैली, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव और नागरिक कर्तव्यबोध जैसे विषयों पर व्यवहारिक परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन केवल भाषणों से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आचरण से शुरू होता है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने ह्यस्वह्न के भाव के जागरण पर बल देते हुए कहा कि भारत का इतिहास त्याग, तप और बलिदान की परंपरा से निर्मित है। राष्ट्र निर्माण की यात्रा में महापुरुषों ने अपने जीवन समर्पित किए। आज आवश्यकता है कि समाज उस परंपरा को केवल स्मरण न करे, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारे।




उन्होंने बताया कि संघ द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और संस्कार निर्माण जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर, आपदा के समय राहत कार्य, जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना संघ की दीर्घकालीन सेवा यात्रा का हिस्सा रहा है। गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजनों और मातृशक्तियों से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज को आत्ममंथन और नए संकल्पों की ओर ले जाने का समय है। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन, समाजसेवी और विभिन्न वर्गों के नागरिकों की सहभागिता रही।

## धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस का नगर में हुआ स्टॉपेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

झारखंड के औद्योगिक शहर धनबाद से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच एक नई ट्रेन शुरू हो गई है। सप्ताह में तीन दिन चलने वाली ट्रेन का उद्घाटन 24 फरवरी को भोपाल से शुरू हुई जो विदिशा, गंज बासौदा आकर रुकी। ट्रेन की नियमित सेवा भोपाल से 28 फरवरी और धनबाद से एक मार्च से शुरू होगी। धनबाद से भोपाल के लिए यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। वापसी में भोपाल से धनबाद के बीच सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार को चलेगी। स्टेशन प्रबंधक एसके पाल ने बताया कि इस ट्रेन का स्टापेज गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर भी हो गया है। जिसमें धनबाद की ओर जाने वाली ट्रेन रात 10 बजकर 5 मिनट पर आएगी। जबकि भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेन सुबह 5 बजकर 11 मिनट पर आएगी। यह ट्रेन धनबाद सहित कतरास चंद्रपुरा, बोकारो थर्मल, रांची रोड, पतरातू, खलारी, टोरी, लातेहार बरवाडीह, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा, नगर ऊंटारी, रेणुकूट, चोपन, ओबरा डैम, करेला रोड, सिंगरौली, बरगवां, खन्ना बंजारी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना और विदिशा स्टेशनों पर रूकेगी। विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद रूपेन्द्र शर्मा, अपडाउनर उत्तम शर्मा और ने इस ट्रेन के स्टापेज पर खुशी व्यक्त कर रेल मंत्रालय, रेल प्रशासन का आभार माना है।

**ट्रेन की नियमित सेवा भोपाल से 28 से होगी शुरू**

## फसल सुखाने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही में हुई दो दिनों की लगातार बारिश से खेतों में पककर तैयार फसलें गीली हो गई थीं। इससे किसानों को थ्रेसिंग का काम रोकना पड़ा था। आसमान साफ होने और तेज धूप निकलने के बाद किसान अपनी फसलों को सुखाने में जुट गए हैं। इलाके के किसानों ने बताया कि सरसों, तेवड़ा और बटरा जैसी फसलों की कटाई कई किसानों ने पूरी कर ली थी, लेकिन बारिश के कारण कटी हुई फसलें खेत में ही गीली हो गईं थी। अब किसान शेष बची फसलों की कटाई के साथ-साथ गीली हुई फसलों को पलटने का काम भी कर रहे हैं।खेतों के गीले होने के कारण फसलों को पलटना पड़ रहा है ताकि वे पूरी तरह सूख सकें। इस काम में अतिरिक्त मजदूरों का उपयोग हो रहा है, जिससे खेतों के गीले होने के कारण फसलों को पलटना पड़ रहा है ताकि वे पूरी तरह सूख सकें। इस काम में अतिरिक्त मजदूरों का उपयोग हो रहा है, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कुछ किसान काटी गई फसलों की मौके पर ही थ्रेसिंग भी कर रहे हैं



ताकि उन्हें बारिश से और नुकसान न हो।किसानों का कहना है कि बारिश से फसलें गीली होने के साथ-साथ खेत भी गीले हो गए हैं, जिससे फसलों के दाने कमजोर हुए हैं। तेज धूप निकलने से किसानों में कुछ राहत है। उनका मानना है कि फसलों को जितना अधिक सुखाया जाएगा, उतना ही बेहतर लाभ मिल सकेगा।

## 20 अप्रैल तक नहीं आएगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

**गंज बासौदा।** भारतीय रेलवे ने नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले गोंदिया रेलवे स्टेशन पर चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड कार्य के चलते कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया है। इसका सीधा असर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेल द्वारा ट्रैक सुधार, सिग्नल सिस्टम अपग्रेड और यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी कारण ट्रेनों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोकी जा रही है। सबसे अधिक प्रभाव छत्तीसगढ़ से उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों पर पड़ेगा।

कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 18237) 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोरबा से पूरी तरह रद्द रहेगी। यानी इस अवधि में कोरबा से अमृतसर की ओर जाने वाले यात्रियों को अमृतसर बिलासपुर (ट्रेन नंबर 18238) 7 अप्रैल से 27 अप्रैल तक अमृतसर से रद्द रहेगी। इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अपग्रेड कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों की रफ्तार और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता अपने गली, मुहल्ले के निसहाय निर्धन, गरीब यतीमों की जकात देकर मदद करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य व वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। देश के अलग-अलग हिस्सों से कार्यकर्ता ऑनलाइन माध्यमों से इस बैठक से जुड़े। बैठक की जानकारी देते हुऐ गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया बैठक में मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक और सह-संयोजक, राज्यों और प्रांतों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। बैठक को संबोधित करते हुऐ इंद्रेश कुमार ने कहा रमजान मुबारक सबसे पवित्र पाक माह है जो हमे सेवा करने की, स्वच्छ रहने की, पर्यावरण संरक्षण की, इंसानियत की और गरीबों, यतीमों, बेबाओं, विधवाओं, निसहाय निर्धनजनों की मदद करने की सीख देता है। रमजानुल मुबारक के पवित्र माह में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता



अपने गली, मुहल्ले के निसहाय निर्धन गरीब यतीमो की जकात देकर मदद करें, जकात के द्वारा मदद कर गरीब निसहाय निर्धन यतीमों को एहसास कराऐ कि उनके लिऐ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हमेशा उनके साथ है, इससे समाज मे संदेश जाऐगा जन जागरण आऐगा। अन्य सभी को भी प्रेरणा मिलेगी। सभी के अंदर गरीब निसहाय निर्धन यतीमों की भावना पैदा होगी। हम सबको अपने अंदर से धार्मिक कट्टरता मिटाना है और हर धर्म की अच्छी बातें फैलाना है। संसार का कोई भी धर्म हो कट्टरता धर्मान्धता नही सिखाता, हर धर्म का एक ही संदेश है केवल प्रेम, रोजा इफ्तार के कार्यक्रम आयोजित करें। इससे हमारे आसपास धार्मिक सामाजिक सौहार्द पैदा होगा भेदभाव मिटेगा, प्रेम के रंग अमन चैन और शांति का पैगाम फैलेगा। इस रमजान मुबारक के महीने मे रोजा इफ्तार और सहरी में एक नबी, एक पैगम्बर, एक वतन पर कुर्बान शहीद की कहानी अपने बच्चों अपने परिवार में सुनाऐ। कुछ लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत व इन्द्रेश कुमार के बयानों को तोड़ मरोड़ कर पेश करते रहते हैं, तरह तरह से समाज मे बिगाड़ पैदा करते हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बुधवार को सुबह के समय बीना भोपाल रेल रेल खंड पर हरदूखेड़ी के पास खंभा क्रमांक 929/42 रेल गेट देशी के पास एक अज्ञात मृतक उम्र 45 वर्ष का शव पड़ा हुआ हुआ है। जो काली जैकिट, लोवर पहने हुए है। जिसकी संभवतः किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर, मार्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।


## छात्रों को बैंकिंग साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नागरिक सहकारी बैंक मर्या में सहकारिता विभाग की शिक्षण, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार गतिविधियों के तहत कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम जिला सहकारी संघ के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डॉ. आराधना कुमारी सहायक प्राध्यापक मौजूद रहीं। बैंक के सनदी लेखाकार अर्पित शर्मा, अंकुर पिंगले उपस्थित रहे। जिला सहकारी संघ के प्रबंधक ओपी श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। वित्तीय समावेशन पर समझाया गया। साइबर सिक्युरिटी पर जानकारी दी गई। सिविल स्कोर से जुड़ी बातें बताई गईं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जुड़ी बातें बताई गईं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए। सुरक्षित डिजिटल लेनदेन पर मार्गदर्शन दिया।

## आकषर्क लाइटों से चमक रहा मकबरा शरीफ



गंज बासौदा। इन दिनों रमजान पर्व चल रहा है जिसके चलते मकबरा शरीफ पर लाइटिंग कर विशेष सज सज्जा की गई है

## हनुमान मंदिर में चोरी, सीसी टीवी में कैद हुआ चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को दोपहर के समय नगर के वार्ड क्रमांक 22 चूड़ी मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसकी सूचना रहवासियों ने देहात थाना पुलिस को दी। सीसी टीवी कैमरे में चोर हनुमान जी का छत्र व मुकुट उतारते स्वयं दिख रहा है। सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाने में जुट गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

## त्योंदा मार्ग पर नाला निर्माण के लिए नपा ने अतिक्रमण हटाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नपा द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर जल निकासी के लिए नाला निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में त्योंदा मार्ग पर भी नाला बनाया जाना है। बुधवार को निर्माण कार्य शुरू होने से पहले नपा अमले ने वहां मौजूद स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए। नगर पालिका ने पहले ही दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन कई जगहों पर अतिक्रमण नहीं हटाए गए थे। जब खुदाई का काम शुरू होना था, तब दुकानों के बाहर लगे टिन शेड और रखा सामान काम में रुकावट बन रहा था। नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभिभाषक कक्ष के बाहर और उससे लगी कई दुकानों के सामने टिन शेड लगे हुए थे। इसके अलावा कई दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान रखकर जगह घेर रखी थी।

## राजा नाभिराय के दरबार में लगी मुकुटबद्ध राजाओं की सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंच कल्याणक महोत्सव के गर्भ कल्याणक प्रथम दिवस में तीर्थंकर भगवान की भव्य आत्मा, माता के गर्भ में आने का उत्सव मनाया जाता है। प्रातः 06 बजे ब्रह्म. विनय भैय्या द्वारा मंगलाष्टक , दिगबंधन , स्थामंत्र, शांतिमंत्र के साथ प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें आयोजन के प्रमुख पात्रों के अलावा सभी इंद्र, शुद्ध वस्त्रों को धारण कर भगवान आदिनाथ स्वामी के मस्तक पर नित्य अभिषेक और शांतिधारा करने पहुंचे। अभिषेक क्रिया के उपरांत पात्र शुद्धि, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, नंदी विधान, मंगल कलश एवं शक्ति कलश स्थापना एवं अखंड दीप स्थापना की गई। प्रारंभिक क्रियाओं के उपरांत प्रातः 08 :15 बजे से मुनि विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर महाराज के मंगल प्रवचन सुनने का अवसर कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी में





बैठे धर्मानुरागी बंधुओं को प्राप्त हुआ। पंचकल्याणक महोत्सव आयोजन की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसमें ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्रभा- महेश कुमार, मनीष कुमार, मयंक कुमार को प्राप्त हुआ। दोपहर 02 बजे से याग मंडल विधान प्रारंभ हुआ जिसमें पंच कल्याणक के सभी पात्रों ने हथकरघा के शुद्ध एवं अहिंसक वस्त्रों को धारण कर सामूहिक भक्ति की। शाम को आयोजित होने वाली महा आरती के पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य अरुण कुमार, शैलेंद्र कुमार, सौरभ कुमार परिवार को प्राप्त हुआ। महा आरती पुण्यार्जक परिवार के निज निवास महावीर मार्ग से प्रारंभ हुई जो कि प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल अयोध्या नगरी पहुंची। आयोजन स्थल पर बड़े ही भक्ति भाव से सामूहिक महाआरती की गई। मंगल आरती के उपरांत सौधर्म इंद्र की सभा का मंचन हुआ, जिसमें भगवान की भव्य आत्मा, माता के गर्भ में प्रवेश करते ही सौधर्म इंद्र का सिंहासन कंपनमान होते नजर आया और इंद्र की सभा में हाहाकार मच गया। वहीं सौधर्म इंद्र ने अपने अवधी ज्ञान से पता किया कि तीर्थंकर बालक का जन्म होने वाला है। सौधर्म इंद्र की आज्ञा से धनराज कुबेर द्वारा स्वर्णमयी अयोध्या नगरी की रचना की और पूरे नगर में छः माह तक लगातार रत्नों की वर्षा हुई।

## खाली जगह पर नपा ने कराया सीसी करण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत बरेठ रोड पर सडक के दोनों ओर किए जा रहे चौडीकरण कार्य के चलते नपा प्रशासन ने हटवा र दिया था। जिससे मार्ग चौड़ा हो गया लेकिन डिवाइडर हटने से सड़क के बीच खाली जगह में मिट्टी धंसने से गड्ढे हो गए थे जिससे आवागमन में परेशानी हो रही थी। आमजन की परेशानी को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा सड़क के बीच से मलवा हटा कर सीसीकरण कार्य करवा दिया गया है, जिससे सड़क चौड़ी हो गई है।

## खबर संक्षेप



### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**सिरोंज।** होली, धुलेंडी, रंगपंचमी, मुस्लिम समाज के शबे बारात आदि पर्वों को लेकर बुधवार को थाना परिषर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में शांति समिति के सदस्य सहित दोनो ही धर्म और समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस बैठक में नगर में होने वाली होलिका दहन को लेकर चर्चा हुई। एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि जिन समाजजनो की ओर से क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम होगे। उसकी प्रशासन को पूर्व से सूचना दे। जिससे व्यवस्था सुचारू की जाए। इस अवसर पर एसडीएम ने नपा को शहर में जगह-जगह चूने से लाइन डालकर दुकानों को व्यवस्थित लगाने की बात कही। जिससे आवागमन बाधित न हो। धुलेंडी रंग पंचमी पर शहर में बिकने वाले अमानक स्तर के नकली रंग और गुलाल के ऊपर भी कार्रवाई करने की बात रखी। पुलिस एसडीओपी सोनू डाबर ने कहा कि जहां पर भी इस तरह की हमें सूचना मिलेगी। उसके लिए एक टीम गठित की गई है जो तुरंत जाकर उस पर सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, शिकायत के आधार पर एफआईआर होगी**

# खुरई अस्पताल से मेडिकल रिकॉर्ड लेकर फरार हुआ शराबी, ड्यूटी रूम से गायब हुआ रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

सिविल अस्पताल से मंगलवार रात एक महत्वपूर्ण रजिस्टर चोरी हो गया। इस रजिस्टर में मारपीट के मामलों में पुलिस की ओर से कराई जाने वाली चिकित्सकीय जांच का पूरा विवरण दर्ज था। नशे में धुत व्यक्ति रजिस्टर लेकर फरार हो गया, जिससे पुलिस जांच प्रभावित होने की आशंका है। इस रजिस्टर में पुलिस की ओर जांच के लिए लाए गए आरोपियों की शारीरिक स्थिति की रिपोर्ट और फरियादियों की चोटों का विस्तृत विवरण दर्ज होता था। कई मामलों में कानूनी सबूत था। इसका गायब होना पुलिस जांच के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, एक व्यक्ति नशे की हालत में अस्पताल




परिसर में घूम रहा था। वह ड्यूटी रूम नंबर 34 में रखा रजिस्टर लेकर भाग निकला। उस समय ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सनिल जैन मरीजों को देखने के लिए वार्ड में गए थे। रजिस्टर चोरी होने की जानकारी मिलने पर अस्पताल प्रशासन में चिंता फैल गई। अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शहरी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल स्टाफ से पूछताछ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए रजिस्टर की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस और अस्पताल प्रशासन अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि संदेही संजय नामक व्यक्ति रजिस्टर ले गया है। पुलिस और अस्पताल के कर्मचारी रजिस्टर की खोजबीन में जुटे हुए हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस रजिस्टर के बिना कई मामलों की जांच और रिपोर्टिंग प्रभावित हो सकती है।

वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर रजिस्टर बरामद कर लिया जाएगा। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि यदि अस्पताल प्रबंधन इसकी शिकायत करता है तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### खुरई में आजीवन सहयोग निधि अभियान को मिला व्यापक समर्थन

**खुरई।** खुरई नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी से प्रारंभ आजीवन सहयोग निधि अभियान के अंतर्गत सहयोग राशि संग्रह का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में युवा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में नगर में व्यापक जनसंपर्क कर दानदाताओं एवं सहयोगियों से सहयोग राशि एकत्रित की गई। उनके प्रयासों से खुरई नगर में लगभग 1.50 लाख रुपये के चेक एकत्र किए गए। सहयोग निधि संग्रह के दौरान खुरई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष रविंद्र सिंह राजपूत, काशीराम अहिरवार (टेलर), राम शास्त्री, ऋषभ राय, यश ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, कपिल रैकवार, सुनील राज, आलोक कुशवाहा एवं अंकित यादव उपस्थित रहे। युवा नेता अविराज सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं समर्थक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### कुलपति निवास में कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाने पर नगर निगम ने जारी किया नोटिस

**सागर।** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। निगम की टीम द्वारा वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार को सिविल लाइन क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुलपति निवास परिसर में कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाते पाए जाने पर कुलपति को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई। स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि सिविल लाइन स्थित कुलपति निवास पर कचरा जलाया जा रहा था, जिससे पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है। यह कृत्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का उल्लंघन है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा जलाने जैसी गतिविधियों से बचें।

### खुरई में बाइक फिसलने से जनपद अध्यक्ष घायल, पैर फ्रैक्चर, हाथ-पैर में आई चोटें

**खुरई।** मंगलवार रात खुरई के खैरा नाका के पास सड़क हादसे में जनपद पंचायत अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सागर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, खुरई जनपद पंचायत अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार मंगलवार रात खुरई से अपने गांव खैरा जा रहे थे। शहर के रेलवे फाटक पार करने के बाद खैरा नाका पर उनकी बाइक अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में जमना प्रसाद अहिरवार को गंभीर चोटें आईं।

**आईजा करेगा यूपी के सीएम का सम्मान**

## मुनिश्री 108 सुधा सागर महाराज को मिला राजकीय अतिथि का दर्जा

**सिरोंज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संस्तुति पर राष्ट्र संत निर्यापक मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज को राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया गया। इस अवसर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया व मध्य प्रदेश आईजा के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,प्रदेश सचिव डॉ राजीव जैन बंटी,भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने बताया कि ललितपुर में विराजमान मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के सांनिध्य में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एंव राज्यसभा सांसद सदस्य नवीन जैन व विधायकगणो का स्वागत सम्मान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के इस निर्णय से देशभर में जैन समाज में खुशी की लहर है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संस्तुति पर राष्ट्रसंत निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज को राजकीय अतिथि घोषित किया। पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के मंगल सानिध्य में उत्तरप्रदेश के सतोंदय तीर्थ क्षेत्रसेरोन जी,देवोदय तीर्थ क्षेत्र देवगढ़, शांतोदय तीर्थ क्षेत्र में पंचकल्याण सम्पन्न होने की प्रबल संभावना है जिसके कारण सुधासागर महाराज जी फरवरी से उत्तरप्रदेश में रहकर जिनशासन की



प्रभावना कर रहें है। तो वहीं उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव अजय कुमार ओझा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आदेश जारी कर उत्तरप्रदेश में प्रवास रहने तक राष्ट्रसंत पूज्य गुरुदेव निर्यापक श्रमण सुधासागर जी महाराज महाराज को राजकीय अतिथि घोषित किया गया। पूर्व में 2024 में भी उत्तरप्रदेश सरकार ने राजकीय अतिथि घोषित किया था। राष्ट्रीय सन्त निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज को पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया जा चुका है और अब जब एक बार पुनः उनके चरण उत्तर प्रदेश की ओर अग्रसर हैं, तब इतिहास स्वयं को दोहराता हुआ प्रतीत हो रहा है। सरकार ने फिर से उन्हें राजकीय अतिथि का सम्मान देकर यह सिद्ध कर दिया है कि यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि संत परम्परा के प्रति उसकी सच्ची प्रतिबद्धता है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस तप, त्याग और तपस्या की परंपरा का अभिनंदन है जो राष्ट्र की आत्मा को आलोकित करती है।

# व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा पत्र

**सिरोंज।** अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव के नेतृत्व में मण्डी व्यापारियो ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को मंडी की समस्याओं के संबंध में एक पत्र सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि विगत दिनों से दवाब में आकार अनुचित रूप से कुछ व्यापारियों को नोटिस दिया गया। वही व्यापारियो ने कहा कि दो साल के अनुबंध के आधार पर ही किसानो से कटोत्रा काटा जा रहा है। इसके बावजूद व्यापारियों को दबाव में नोटिस दिया जा रहा है। व्यापारी ना तो नोटिस का जवाब देंगे और ना ही कोई राशि वापस देंगे। भविष्य में



फिर किसी को भी नोटिस दिया गया तो तत्काल प्रभाव से बिना कोई सूचना दिए मंडी नीलामी का बहिष्कार किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी मंडी प्रशासन की होगी। मंडी निलामी में व्यापारी द्वारा खरीदी गई मसूर को विचौलियों द्वारा मंडी प्रशासन की मिलीभगत से तुलाई करा के मसूर का पंजीयन कराने वाले व्यक्तियों को दिया जा रहा है। जिन्होंने अन्य जिंस की बोहनी की है। मंडी प्रशासन इन सभी लोगो पर सख्त कार्यवाही करे अन्यथा व्यापारी तीन दिन बाद मसूर की डाक नीलामी नहीं करेंगे। वही उन्होने मंडी की अन्य समस्याओं से अवगत करवाया गया।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अपराधों की रोकथाम एवं गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मुरवास पुलिस द्वारा दुष्कर्म के प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी अनुसार 5 फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उक्त रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 03/26 पंजीबद्ध कर गुमशुदा की पतारसी प्रारंभ की गई। वही 23 फरवरी को गुमशुदा को



होशंगाबाद से दस्तयाब किया गया। महिला अधिकारी द्वारा पीड़िता के कथन लेखबद्ध किए गए। पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 25/26 धारा 87, 64(2)(एम), 127(4), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वही मुरवास पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 27 वर्षीय भूरे खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। यह संपूर्ण कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मुरवास उप निरीक्षक लक्ष्मण डावर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। वही सउनि संतोष गौड़, प्र.आर. संजेश दुबे, प्र.आर. बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी, आरक्षक ऋषिकेश जाटव, मर्दन भील, प्रिन्स देवलिया, रवि जाट एवं महिला आरक्षक रेखा भील की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका से यह कार्रवाई सफल रही।

### 78 मरीजों की जांच 33 का होगा ऑपरेशन

**विदिशा।** बालाजी हॉस्पिटल एवं रोटरी ग्रेटर द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ी। कुल 78 जरूरतमंद मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई, जिनमें से 33 मरीजों में मोतियाबिन्द पाया गया। इन्हें 6 मार्च को सुबह 11 बजे ऑपरेशन हेतु बुलाया गया है। चयनित मरीजों को बस द्वारा बैरागढ़ स्थित सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा, जहां ऑपरेशन, लेंस, ठहरने, भोजन तथा आवागमन की समस्त व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर में अस्पताल के डॉक्टरों, स्टाफ एवं रोटरी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बेरखेड़ी, पंचायत रंगई में 25 फरवरी से 3 मार्च तक सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शांता अहिरवार के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम सर्वेक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं मतदाता जागरूकता जैसे कार्यक्रम होंगे। शिविर नायिका रौनक राजपूत व पलक राजपूत संचालन में सहयोग दे रही हैं।

# चाहे हम सूरज न बन पाए एक दीपक बनकर उजाला दें




**विदिशा।** सेंट मैरी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर 23 फरवरी से 1 मार्च के तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने रोल-कॉल व पी.टी. ड्रिल के साथ परियोजना कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीपा राठौर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड प्रोटेक्शन, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता विषय पर रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र में अमर सिंह दांगी पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, सुरेंद्र सिंह कुशवाह इंजीनियर एवं मोटिवेटर, रघुवीर सिंह समाजसेवी सहित प्राध्यापकों ने एआई, डिजिटल बैंकिंग व एनएसएस के उद्देश्यों पर मार्गदर्शन दिया। रामघाट पर पौधरोपण भी किया गया। सांस्कृतिक संध्या में फादर सिंटो, फादर डॉ. सीजो, सिस्टर टेरेसा व सिस्टर प्रभावती ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

### देवखजूरी और मसूदपुर में शिविर आज

**विदिशा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक बेल बैंग कैंपस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि गुरुवार 26 फरवरी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर देव खजूरी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में हितग्राही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. अहिरवार ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर देव खजूरी और मसूदपुर में आयोजित शिविर में आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर में सभी अधिकारी कर्मचारी नियत समय प्रात: 10 बजे से उपस्थित रहकर अपने कार्यों को संपादन करेंगे।

# छात्रावासों में नए सत्र से पहले शत-प्रतिशत प्रवेश के दिए निर्देश

**छात्रावास अधीक्षकों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं की निगरानी रखने के लिए भी कहा गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान छात्रावास संचालित करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पहले छात्रावासों में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि छात्रावास शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र विद्यार्थियों का समय पर चयन कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि किसी भी विद्यार्थी को सुविधा से वंचित न रहना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, स्वच्छता, भोजन, बिजली एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी पर्वो को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज गुरूवार को आयोजित की गई है यह बैठक पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन विदिशा में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। जारी पत्र अनुसार आगामी त्यौहार होली, रंगपंचमी, तथा ईद-उल-फितर त्यौहारो के परिपेक्ष्य में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

# भावांतर योजना के तहत सरसों के पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में सरसों फसल के लिए प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 26 फरवरी से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक संचालित की जाएगी।

यह पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। कृषि विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार किसानों के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर की गई है। जिले में पूर्व वर्षों की भांति सहकारी समितियों द्वारा संचालित कुल 113 पंजीयन केंद्रों पर भी पंजीयन किए जा रहे हैं। विशेष रूप से सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त किसान 50 रुपए निर्धारित शुल्क के साथ एमपी ऑन लाइन, कियोस्क, लोक सेवा केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर एवं निजी साइबर कैफे पर भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान को सलाह दी गई है कि पंजीयन कराने से पहले अपना आधार नंबर बैंक खाते एवं मोबाइल नंबर से अनिवार्य रूप से लिंक करा लें, ताकि योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

अधिक जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07592-299028 पर संपर्क किया जा सकता है। यह योजना मध्य प्रदेश शासन द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

# विदिशा जिला बना नरवाई प्रबंधन का मॉडल जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश का विदिशा जिला वर्ष 2026 में नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में मॉडल के रूप में उभर रहा है। रबी फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने की समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन, कृषि विभाग और किसानों के संयुक्त प्रयासों से व्यापक कार्ययोजना लागू की गई है।

### पोर्टल से मिली रफ्तार

जेएफएस (जस्ट फार्म सर्विस) पोर्टल से 113 कस्टम हायरिंग सेंटर जुड़े हैं। 9,854 यंत्र प्रदाता और 1.04 लाख से अधिक किसान पंजीकृत हैं। अब तक 11,470 एकड़ क्षेत्र में कृषि यंत्रों से सेवाएं दी जा चुकी हैं। हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर और हार्वेस्टर सहित 2,564 यंत्र उपलब्ध हैं। वर्तमान में 528 से अधिक यंत्र उपलब्ध हैं, जबकि 2025-26 में 1,435 नए यंत्र जोड़ने का लक्ष्य है। 2,476 से अधिक किसान इनका उपयोग कर चुके हैं। नरवाई मिट्टी में मिलाने से उर्वरता बढ़ी, लागत घटी और उत्पादन में वृद्धि हुई है। प्रशासन की सतत निगरानी से अभियान को मजबूती मिल रही है, जिससे विदिशा टिकाऊ कृषि की दिशा में उदाहरण बन रहा है।

# संयम और विनम्रता ही सच्ची महानता का आधार: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्टेशन स्थित शांतिनाथ जिनालय में आयोजित प्रातःकालीन धर्मसभा में निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि मनुष्य की वास्तविक महानता संपत्ति और वैभव से नहीं, बल्कि संयम और विनम्रता से प्रकट होती है। उन्होंने कहा संपत्ति से नहीं, संयम से महानता आती है वैभव से नहीं, विनम्रता से ऊँचाई मिलती है।

मुनिश्री ने कहा कि सांसारिक सुख क्षणिक है, जबकि आत्मा का आनंद शाश्वत और अनंत है। आज थोड़ी-सी संपत्ति या पद मिलते ही व्यक्ति अहंकार में आ जाता है और दूसरों को छोटा दिखाने का प्रयास करता है, जबकि




वैभव पर विनम्र होना चाहिए। प्रवचन में उन्होंने भगवान आदिनाथ के पुत्र भरत चक्रवर्ती का उदाहरण देते हुए बताया कि अपार ऐश्वर्य और 96 हजार रानियों के बावजूद उन्हें वास्तविक सुख का अनुभव नहीं हुआ। वैभव के मध्य भी उन्होंने वैराग्य को अपनाया, जो आत्मोद्धार का मार्ग है। इस अवसर पर मुनि निस्सीम सागर महाराज एवं मुनि संस्कार सागर महाराज मंचासीन रहे। समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' ने बताया कि बड़े बाबा भगवान आदिनाथ को नई वेदी पर विराजमान कराने हेतु प्रतिनिधिमंडल ने मुक्तागिरी में आचार्य श्री समयसागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिदिन सुबह 8:45 बजे प्रवचन आयोजित हो रहे हैं।

# पंच परिवर्तन प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्यारसपुर द्वारा आजीविका मिशन परिसर में पंच परिवर्तन विषय पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे,गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सह शारीकि प्रमुख तिरवेश लोधी ने प्रभावी उद्बोधन दिया।

उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में पांच परिवर्तन' के मूल भाव को स्पष्ट करते हुए समाज में समरसता, समानता, एकजुटता, परिवार प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और संगठित, जागरूक एवं




संस्कारित समाज से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर भी विचार रखे और प्रबुद्धजनों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने, आपसी भेदभाव मिटाने और संस्कार युक्त पीढ़ी निर्माण पर विशेष जोर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आज

**रायसेन।** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय प्रशिक्षण बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे से भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि बैठक में जिला संगठन प्रभारी सहित पार्टी के विधायक एवं अपेक्षित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### रिटा. रमाशंकर शर्मा का सम्मान समारोह आज

**रायसेन।** रिटायर्ड जिला उद्यानिकी अधिकारी रमाशंकर शर्मा का सम्मान समारोह और बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा की बेटी स्वास्तिक शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। सम्मान समारोह 26 फरवरी गुरूवार को शगुन मैरिज गार्डन मुखर्जी नगर में शाम साढ़े 6 बजे से रात साढ़े 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

### विशेष पुलिस बल ने किया नगर में फ्लैग मार्च

**बरेली।** रमज़ान का पवित्र महिना चल रहा है। इसी के साथ होली रंग पंचमी का त्यौहार आने वाला है। स्थानीय पुलिस के साथ विशेष कर्तव्य पुलिस के जवानों ने नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए नगर की प्रमुख सडक़ों पर पैदल मार्च कर किसी भी अप्रिय स्थिति में दुतगति से कार्य करने का संदेश दिया। पुलिस थाने से पुलिस बल के जवान फुल ड्रेस साजों सामान के साथ नगर की सडक़ों पर निकले। मुख्य सड़क, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, टाकीज रोड पर शांतिपूर्ण ढंग से निकले पुलिस जवानों को लोग कोतूहल से देखते रहे। विशेष पुलिस बल के जवानों के साथ थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, एसआई रामप्रसाद गोहे के साथ अन्य स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी पैदल मार्च में साथ रहे।

### सरकारी कॉलेज सिलवानी में कल होगा वार्षिकोत्सव

**सिलवानी।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 27 फरवरी को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह को लेकर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत तथा जनपद अध्यक्ष सिलवानी तरूवर सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। जनभागीदारी अध्यक्ष श्याम साहू की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### 28 मार्च को खेल स्टेडियम में होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**रायसेन।** पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने शहर के खेल स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करने निर्देश जारी किए है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी को पत्र जारी कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जिसमें आयोजन के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत डीपीएम आरजीएसए ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 28 को प्रातः 11 बजे से शासकीय खेल परिसर स्टेडियम रायसेन में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन 7 तक

**रायसेन।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं तथा यह किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित है। जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इन पंजीयन केन्द्रों पर 7 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में पंजीयन निःशुल्क किए जाएंगे। जिले में अभी तक 20 हजार 24 किसानों द्वारा 52816.80 हेक्टेयर रकबा का अपनी उपज बेंचने पंजीयन करा लिया है। इनमें गेहूँ उपार्जन के लिए 19227 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

### मनरेगा योजना में जिले की कई पंचायतों का करोड़ों रुपए बकाया

# ऑनलाइन हाजिरी और बजट की कमी से जूझ रही पंचायतें, भुगतान अटका

### मनरेगा भुगतान नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में योजना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्रामीण अंचलों में विकास की धुरी मानी जाने वाली ग्राम पंचायतें इन दिनों दोहरी मार झेल रही हैं। एक ओर ऑनलाइन हाजिरी की अनिवार्यता से कामकाज प्रभावित है।तो दूसरी ओर फंड की कमी ने योजनाओं की रफ्तार थाम दी है। हालात यह हैं कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मजदूरी भुगतान अटक गया है और पंचायतों पर करोड़ों रुपये का बकाया चढ़ गया है।

मनरेगा योजना के तहत पिछले साल किए गए निर्माण कार्यों का अभी तक भुगतान नहीं होने की वजह से गांवों में भारी परेशानी हो रही है। जबकि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीरामजी योजना लागू की गई है। हालांकि यह योजना प्रचारित हो रही है। लेकिन आज तक जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों में क्रियान्वयन के बारे मे अभी तक कोई गाइडलाइन नहीं मिली है। इस पर सवाल उठाते हुए सरपंचों ने कहा किअगर उनकी मदद ना मिले तो यह योजना पूरी तरह से ठप हो सकती है। मनरेगा के तहत मजदूरों को मजदूरी भुगतान तत्काल आवश्यकता होती है। लेकिन इस समय तक मजदूरों को उनके मेहनताने की राशि भुगतान नहीं हो सकी है। सरकार द्वारा 261 रूपए मजदूरों को ऑनलाइन भुगतान किया जाता है।

सरपंच ब्रजेश सिलावट, सरपंच ब्रजेश बघेल, शंकरलाल शर्मा का कहना है कि रायसेन जिले में नीति आयोग द्वारा पानी को रोकने , सहेज ने जल संवर्धन अभियान चलाया गया था। लेकिन अभी तक नीति आयोग द्वारा चलाए गए जल संवर्धन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की राशि का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। जिससे सरपंच सचिव बेहद परेशान हैं।



फाइल फोटो

#### ऑनलाइन हाजिरी से बढ़ी तकनीकी दिक्कतें

मनरेगा में अब मोबाइल ऐप आधारित ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है। ग्रामीण इलाकों में कमजोर नेटवर्क, स्मार्टफोन की कमी और तकनीकी जानकारी के अभाव के कारण रोजाना उपस्थिति दर्ज करना चुनौती बन गया है। कई कार्य स्थलों पर समय पर हाजिरी अपलोड नहीं हो पाने से मजदूरों का भुगतान लंबित हो रहा है। पंचायत सचिवों का कहना है कि तकनीकी खामियों की सजा मजदूरों और पंचायतों को भुगतनी पड़ रही है।

#### जिले में 491 ग्राम पंचायतें

रायसेन जिले में 491ग्राम पंचायतें है। जिले की कई पंचायतों में मनरेगा और अन्य विकास योजनाओं का भुगतान महीनों से लंबित है। निर्माण सामग्री सप्लायर, श्रमिक और स्वयं सहायता समूह भुगतान न मिलने से परेशान हैं। सरपंचों का कहना है कि बकाया राशि करोड़ों में पहुंच चुकी है, जिससे नई योजनाएं शुरू करना मुश्किल हो गया है।

#### मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट छा रहा

ग्रामीण मजदूरों का कहना है कि समय पर मजदूरी न मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। मनरेगा उनके लिए मुख्य आय का स्त्रोत है। भुगतान में देरी के कारण उन्हें उधार लेना पड़ रहा है या फिर अन्य बड़े शहरों में मजदूरी के लिए पलायन की तैयारी करनी पड़ रही है।

#### पंचायतों पर आर्थिक बोझ

फंड की कमी के चलते पंचायतें छोटी-छोटी मरम्मत और विकास कार्य भी अपने स्तर पर नहीं करा पा रहीं। बिजली बिल,पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता जैसे जरूरी खर्चों के लिए भी राशि का अभाव बना हुआ है। कई पंचायतों ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर शीघ्र भुगतान और पर्याप्त बजट आवंटन की मांग की है।

#### जनप्रतिनिधियों की मांग

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक समय पर फंड रिलीज नहीं होगा और तकनीकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। तब तक योजनाओं का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा। उन्होंने शासन से ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था में सुधार और बकाया भुगतान जल्द जारी करने की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि योजनाएं कागजों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप हो सकते हैं।

#### इनका कहना है

शासन स्तर पर मनरेगा भुगतान की राशि अटकी हुई है। फिलहाल बेव रामजी पोर्टल पर अपडेट चल रहा है। पंचायतों को बकाया राशि भुगतान जल्द करवा दिया जाएगा।

**- अखिलेश द्विवेदी,** मनरेगा प्रभारी जिला पंचायत रायसेन

### बस में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का आरोप

## पुलिस ने आरोपी कंडक्टर के विरुद्ध केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




थाना कोतवाली के तहत शहर में बुधवार को बस में मुस्लिम कंडक्टर द्वारा हिंदू छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुई। बस विदिशा से रायसेन आ रही थी। इसी दौरान सरकारी आईटीआई जाने के लिए छात्राएं बस में सवार हुईं।

इन पर आरोप है कि कंडक्टर ने छात्राओं को अपना फोन नंबर जबरदस्ती दिया और उनसे बात करने का दबाव बना रहा था। सांची रोड स्थित भगवती माता मंदिर के पास छात्राओं सहित बस में सवार अन्य लोगों ने इसका विरोध किया। सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरी बस को जब्त कर लिया। आरोपी कंडक्टर राशीद खान को भी गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिला मंत्री बद्री पाराशर थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी श्री गोयल ने बताया कि छात्राओं की काउंसलिंग के बाद आरोपी कंडक्टर के पर मामला दर्ज किया है। टीआई ने आगे बताया कि फरियादी छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी राशिद खान पर केस रजिस्टर्ड कर लिया गया है।

### घाटी पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं

## घाटी चढ़ने में ट्रक के ब्रेक फेल हुए, खाई में गिरने से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल-विदिशा मार्ग की खतरनाक बालमपुर घाटी पर मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पत्थरों से भरा ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 7564 घाटी चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल होने से पीछे की ओर तेजी से रिवर्स होने लगा और खाई की तरफ बढ़ गया।

ट्रक चालक और परिचालक की सूझबूझ और सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग का सहारा लेते हुए पत्थर के सहारे ट्रक को बमुश्किल रोका जा सका। इससे ट्रक खाई में गिरने से बच गया।

## भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मध्यप्रदेश के श्रमिकों और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर बुधवार दोपहर को भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 44 सूत्रीय मांग पत्र अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय को दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आउटसोर्स कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालीन कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, संविदा कर्मचारी तथा पेंशनरों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न विभागों में कार्यरत श्रमिकों को न तो सेवा सुरक्षा मिल रही है और न ही सामाजिक सुरक्षा का लाभ।

## दिव्यांश सोनी बने कुश्ती में जिला केशरी, सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर के पहलवान दिव्यांश सोनी ने मंडीदीप में आयोजित जिला केशरी कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानी के उत्कृष्ट दाव-पेंच से प्रदर्शन करते हुए 45 से 55 किलो भार वर्ग में 3 मुकाबले से फायनल मुकाबला जीत कर जिला केशरी का खिताब प्राप्त किया।

दिव्यांश सोनी पूर्व में जिला राज्य एवं विश्व विद्यालय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिताओं एवं एमपी यूथ प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। शिव अखाड़ा व्यायाम शाला द्वारा नगर का गौरव बढ़ाने वाले खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित कर दिव्यांश सोनी, नमन पटवा का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर नगर के खिलाड़ी, खेल प्रेमियों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, गोपाल स्वरूप ठाकुर, राजेश सोनी, भरत शर्मा, पार्षद पूरन सिंह धाकड़, संजय शर्मा सहित नगर के भवमान्य नागरिकों व्यापारियों की उपस्थिति रही।

### पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

## हरदा में पत्रकारों से हुई अभद्रता पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बीते 27 दिसंबर 2025 को हरदा में दो समुदायों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। एक पक्ष के ऊपर पत्थर बाजी की घटना हो गई थी। इसे लेकर बड़े विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, तभी प्रदर्शन का कवरेज करने एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रमोद शर्मा, रजत शर्मा का कैमरा पुलिस अधिकारी गिरीश दुबे ने छीनकर उनसे बदसलूकी भी की। इतना ही नहीं पुलिस कर्मियों से प्रताड़ित कराया। इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर मोहित वंशकार के नेतृत्व में हिंदू सनातनियों ने तहसीलदार भरत सिंह मांडले को ज्ञापन सौंपा।

## रैपिड एक्शन फोर्स की ए107 बटालियन ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



बुधवार को जिले के आरएएफ ए107 बटालियन के जवान सलामतपुर थाने पहुंचे, जहां थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी सहित स्टाफ से परिचय प्राप्त किया। जिसके बाद भोपाल विदिशा हाइवे के मुख्य मार्गों के साथ ही बेरखेड़ी चौराहा, सेमरा और अंबाड़ी में भी फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस दौरान बल के कमान अधिकारी एसक्यू अख्तर जलाम उप कमांडेंट ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ए/ 107 बटालियन कार्य बल द्वारा परिचय अभ्यास किया तथा स्थानीय पुलिस बल एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारी एकत्रित की गई एवं फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस दौरान ए/107 द्रुत कार्य बल के कमान अधिकारी एसक्यु अख्तर जमाल, (उप कमाण्डेंट) ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की ए/107 द्रुत कार्य बल की दो टीमें जगदीश प्रसाद बलाई (कमांडेंट)-107 बटालियन के आदेशानुसार 23 से 27 फरवरी तक रायसेन के विभिन्न थानों में परिचय अभ्यास कराया जा रहा है।

### होली को लेकर आरएएफ व पुलिस का फ्लैग मार्च

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा, अंबाडी, दीवानगंज भवानी चौक, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर, फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहा और सलामतपुर में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को आरएएफ एवं स्थानीय थाना सलामतपुर प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

### शहर की बेटी श्रुति अग्रवाल बनीं सीएस

**रायसेन।** शहर की श्रुति अग्रवाल ने जिले की पहली कंपनी सेक्रेट्री (सीएस ) बनकर किया नाम रोशन। श्रुति ने लगभग 12 घंटे तक नियमित पढ़ाई पूरे मनोयोग लग्न निष्ठा से पढ़ाई कर कंपनी सेक्रेट्री बनी। श्रुति की बड़ी बहन निभा अग्रवाल भी 4 साल पहले सीए बनी थी। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अपनी बड़ी बहन और अपने दादा दादी को दिया। श्रुति अग्रवाल के पिता नीलेश गोयल सांची रोड़ पर चश्मे ऑप्टिकल की दुकान है। श्रुति अग्रवाल की सफलता पर उनके परिजनों और मित्रों एवं शिक्षकों ने बधाई दी।



### फ्लोरोसिसस से बचाव को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

# जिले के 354 ग्राम फ्लोराइड बीमारी से प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय फ्लोरोसिसस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय को-आर्डिनेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में फ्लोरोसिसस की रोकथाम, प्रभावित मरीजों की पहचान, उपचार और पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से जिले में फ्लोरोसिसस से बचाव के लिए चल रही जागरूकता गतिविधियों, मरीजों की जांच एवं उपचार की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि फ्लोरोसिसस के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए। गांवों में फ्लोराइड युक्त पानी के दुष्परिणामों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए।

उन्होंने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री गिरीश कांबले को निर्देशित किया कि जिले में नलकूपों और ट्यूबवेल के पानी की नियमित जांच की जाए, फ्लोराइड प्रभावित जलस्त्रोतों को चिन्हित कर सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कहा कि फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल के नमूनों की नियमित जांच कर असुरक्षित स्त्रोतों को बंद किया जाए और ग्रामीणों को फ्लोराइड मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।



बैठक में प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के अनुसार जिले के लगभग 354 ग्राम फ्लोराइड से प्रभावित मिले। इनमें गैरतगंज विकासखंड के 88, सिलवानी के 93, बेगमगंज के 107, बरेली के 30, उदयपुरा के 20, सांची के 10 तथा औबेदुल्लागंज के 2 ग्राम शामिल हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अब तक 106 गांवों में भ्रमण कर बच्चों एवं ग्रामीणों का परीक्षण किया गया है। इस दौरान 3493 बच्चों के दांतों की जांच की गई, जिनमें से 1114 बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिसस से प्रभावित पाए गए। जांच उपरांत 393 बच्चों में फ्लोरोसिसस की पुष्टि हुई है। चिन्हित मरीजों को कैल्शियम एवं विटामिन सी की दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उनकी मॉनीटरिंग की जा रही है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पानी की जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण देकर फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रत्येक स्कूल से एक शिक्षक को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें जल परीक्षण एवं जागरूकता अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि फ्लोरोसिसस जैसी बीमारी से बचाव के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि समय रहते सुरक्षित पेयजल और उचित उपचार सुनिश्चित किया जाए तो इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोजनी धाम मार्ग पर पुल और डामरीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



सिलवानी-नींगरी सोजनी धाम मार्ग के जर्जर हालात को लेकर ग्राम पंचायत नींगरी के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रायसेन से सड़क के पुनः डामरीकरण और बड़े पुल के निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर समस्या के शीघ्र निराकरण की अपील की है।

ग्रामीणों के अनुसार सिलवानी से नींगरी होते हुए सोजनी धाम तक जाने वाली सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सिलवानी द्वारा किया गया था। सोजनी और नींगरी के बीच मार्ग पर एक रिपटा (नाला पार मार्ग) का निर्माण किया गया है, किंतु बरसात के मौसम या हल्की वर्षा में भी इस रिपटे के ऊपर से पानी बहने लगता है। ऐसी स्थिति में आवागमन बाधित हो जाता है और राहगीरों को जान जोखिम में डालकर मार्ग पार करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि नींगरी से सोजनी धाम तक सड़क को ऊंचा उठाने की आवश्यकता है, ताकि वर्षा के समय जलभराव की समस्या न हो। विशेष रूप से श्री राम जानकी मंदिर सोजनी धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धार्मिक अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है।